दृष्टि The Vision

मेन्स
आंसर राइटिंग
(Consolidation)

मई
2024

अनुक्रम

सामान्य अध्ययन पेपर–1 3

- इतिहास 3
- भारतीय समाज 4
- भूगोल 6
- संस्कृति 9

सामान्य अध्ययन पेपर–2 11

- अंतर्राष्ट्रीय संबंध 11
- राजव्यवस्था 13
- सामाजिक न्याय 22

सामान्य अध्ययन पेपर–3 24

- अर्थव्यवस्था 24
- आंतरिक सुरक्षा 33
- पर्यावरण 36
- विज्ञान-प्रौद्योगिकी 38

सामान्य अध्ययन पेपर–4 43

- केस स्टडीज़ 43
- सैद्धांतिक प्रश्न 51

निबंध 62

दृष्टि The Vision

नोट :

सामान्य अध्ययन पेपर-1

इतिहास

प्रश्न : भारत के सामाजिक सुधार आंदोलन के संदर्भ में वायकोम सत्याग्रह के महत्त्व पर चर्चा कीजिये। (150 शब्द)

उत्तर :

हल करने का दृष्टिकोण:
- वैकोम सत्याग्रह का परिचय लिखिये।
- इसमें शामिल प्रमुख हस्तियों का परिचय देते हुए इसके महत्त्व पर प्रकाश डालिये।
- तद्नुसार निष्कर्ष लिखिये।

परिचय:

वैकोम सत्याग्रह, जिसका आयोजन वर्ष 1924-25 में त्रावणकोर रियासत (वर्तमान केरल) में हुआ था, भारत के सामाजिक सुधार आंदोलन की एक महत्त्वपूर्ण घटना थी। इसने अस्पृश्यता और जाति उत्पीड़न के खिलाफ संघर्ष में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।

मुख्य भाग:

वैकोम सत्याग्रह का महत्त्व:

- **मंदिर प्रवेश आंदोलनों में अग्रणी:** यह हिंदू मंदिरों और आस-पास के जगहों में निवास करने वाली निचली जातियों के प्रवेश की मांग करने वाला पहला बड़ा जन आंदोलन था, जिसे जाति प्रदूषण (Caste Pollution) की धारणा के कारण प्रतिबंधित कर दिया गया था।
  - मंदिर में प्रवेश का मुद्दा पहली बार वर्ष 1917 में एझावा नेता टी. के. माधवन ने उठाया था और बाद में भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस ने अस्पृश्यता विरोधी मुद्दा उठाया।
  - इसने अंततः त्रावणकोर (वर्ष 1936) में मंदिर प्रवेश उद्घोषणा को जन्म दिया, जिससे निचली जातियों को मंदिरों में प्रवेश की अनुमति मिली और संपूर्ण भारत में बाद के मंदिर प्रवेश आंदोलनों के लिये एक व्यवस्था तैयार हुई।
- **चर्चित अहिंसक आंदोलन:** के. केलप्पन जैसी शख्सियतों के नेतृत्व में हुए सत्याग्रह में अहिंसक सविनय अवज्ञा और शांतिपूर्ण विरोध के गांधीवादी सिद्धांतों को नियोजित किया गया।
  - इससे आंदोलन को अधिक वैधता और गति मिली।
  - इसने राष्ट्रव्यापी ध्यान आकर्षित किया और भविष्य में होने वाले सामाजिक सुधार आंदोलनों को प्रेरित किया।
- **अंतर-सामुदायिक एकता:** यह आंदोलन विभिन्न धर्मों और जातियों के लोगों को एक साथ लेकर आया। जॉर्ज जोसेफ और समाज सुधारक ई.वी. रामासामी (पेरियार) जैसे ईसाई नेता ने सामाजिक असमानता के खिलाफ एकजुट संघर्ष का प्रदर्शन करते हुए भाग लिया।
  - जातिगत हिंदुओं के प्रति-आंदोलन और हिंसा का सामना करने के बावजूद, आंदोलन को 600 से अधिक दिनों तक जारी रखने के लिये यह एकजुटता महत्त्वपूर्ण थी।
- **सामाजिक सुधार को अग्रभूमि में लाना:** बढ़ते राष्ट्रवादी आंदोलन के बीच, वैकोम सत्याग्रह ने सामाजिक सुधार और अस्पृश्यता के उन्मूलन को राजनीतिक एजेंडे में सबसे आगे ला दिया।

निष्कर्ष:

वैकोम सत्याग्रह ने अग्रिम सुधारों के लिये उत्प्रेरक के रूप में कार्य किया और स्वतंत्र भारत में अस्पृश्यता के संवैधानिक उन्मूलन की नींव रखी।

प्रश्न : आत्मनिर्भर भारत पर बल देने का दृष्टिकोण स्वदेशी आंदोलन से साम्यता रखता है। स्वदेशी आंदोलन के आर्थिक लक्ष्यों एवं रणनीतियों तथा आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के समकालीन प्रयासों के बीच तुलना एवं अंतर के बिंदुओं पर चर्चा कीजिये। (250 शब्द)

उत्तर :

हल करने का दृष्टिकोण:
- स्वदेशी आंदोलन और आत्मनिर्भर भारत अभियान का परिचय लिखिये।
- उनके आर्थिक लक्ष्यों का वर्णन कीजिये।
- उदाहरण के साथ उनकी रणनीतियों का उल्लेख कीजिये।
- तद्नुसार निष्कर्ष लिखिये।

परिचय:

आर्थिक आत्मनिर्भरता की खोज भारत के इतिहास में एक सतत् विषय है। स्वदेशी आंदोलन और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के समकालीन प्रयास, जैसे कि आत्मनिर्भर भारत अभियान, कुछ समान आर्थिक लक्ष्य साझा करते हैं, लेकिन उनके ऐतिहासिक संदर्भ तथा रणनीतिक तरीकों में उल्लेखनीय अंतर भी हैं।

नोट :

मुख्य भाग:

आर्थिक लक्ष्य:

- **स्वदेशी आंदोलन:** इसका मुख्य उद्देश्य भारत पर ब्रिटिश आर्थिक पकड़ को कमज़ोर करना था।
  - इसमें ब्रिटिश वस्तुओं का बहिष्कार, स्वदेशी उद्योगों को बढ़ावा देना और पारंपरिक शिल्प को पुनर्जीवित करना शामिल था।
  - यह भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के एक हिस्से के रूप में औपनिवेशिक शोषण के विरुद्ध विरोध का एक स्वरूप था।
- **आत्मनिर्भर भारत:** यह भारत को आत्मनिर्भर और वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्द्धी राष्ट्र बनाने पर ध्यान केंद्रित करता है।
  - इसका उद्देश्य आयात पर निर्भरता को कम करना, घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देना, वैश्विक आर्थिक आघातों का विरोध करना और प्रमुख क्षेत्रों को मज़बूत करना है।
  - यह आर्थिक सुरक्षा और विकास की इच्छा से प्रेरित है।

रणनीतियाँ:

- **स्वदेशी आंदोलन:**
  - ब्रिटिश वस्तुओं का बहिष्कार, जैसे- ब्रिटिश निर्मित वस्त्रों को जलाना और ब्रिटिश वस्त्रों का बहिष्कार, जैसा कि असहयोग आंदोलन (वर्ष 1920-1922) के दौरान प्रदर्शित किया गया था।
  - स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देना, जैसे- खादी को बढ़ावा देना और महात्मा गांधी द्वारा ऑल इंडिया स्पिनर्स एसोसिएशन की स्थापना, ताकि भारतीय निर्मित वस्तुओं के उपयोग को प्रोत्साहित किया जा सके।
  - स्वदेशी उद्योगों, विशेष रूप से वस्त्रों को पुनर्जीवित करना और बढ़ावा देना, जैसे- ब्रिटिश मिल मालिकों द्वारा कपड़ा श्रमिकों के शोषण के विरोध में वर्ष 1917 में अहमदाबाद मिल हड़ताल।
  - आत्मनिर्भरता पर ज़ोर, जैसे- बाल गंगाधर तिलक द्वारा "स्वदेशी आंदोलन" को बढ़ावा देना, जिसमें स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने का समर्थन किया गया था।
- **आत्मनिर्भर भारत:**
  - आयात प्रतिस्थापन, जैसे कि आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने और आयात निर्भरता को कम करने के लिये कोविड-19 महामारी के दौरान घोषित आत्मनिर्भर भारत पैकेज।
  - प्रोत्साहन और नीतिगत सुधार, उदाहरण के लिये कॉर्पोरेट टैक्स रेट्स में कमी एवं निर्यात को बढ़ावा देने के लिये निर्यातित उत्पादों पर शुल्क तथा करों की छूट योजना की शुरुआत आदि।
  - आपूर्ति शृंखलाओं का विकास, उदाहरण के लिये आपूर्ति शृंखलाओं को सुव्यवस्थित करने और रसद लागत को कम करने, स्थानीय सोर्सिंग को बढ़ावा देने तथा वैश्विक आपूर्ति शृंखलाओं पर निर्भरता को कम करने के लिये राष्ट्रीय रसद नीति।
  - कौशल विकास और नवाचार, उदाहरण के लिये- उद्यमिता एवं नवाचार को बढ़ावा देने के लिये स्टार्टअप इंडिया पहल तथा स्कूलों व विश्वविद्यालयों में नवाचार एवं उद्यमिता संस्कृति को बढ़ावा देने के लिये अटल नवाचार मिशन।

निष्कर्ष:

स्वदेशी आंदोलन और आत्मनिर्भर भारत, जिसमें तकरीबन एक शताब्दी का अंतराल है, लेकिन दोनों ही आंदोलन "भारत पहले (India First)" तथा आर्थिक आत्मनिर्भरता के मूल आदर्श को साझा करते हैं। हालाँकि उनके तरीके अलग-अलग हैं, लेकिन दोनों ही आंदोलन घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने तथा बाहरी ताकतों पर निर्भरता कम करने के महत्त्व पर प्रकाश डालते हैं।

भारतीय समाज

प्रश्न: क्षेत्रवाद द्वारा राष्ट्रीय एकता एवं शासन के समक्ष उत्पन्न चुनौतियों को बताते हुए राजनीतिक स्थिरता तथा सामाजिक-आर्थिक विकास पर इसके प्रभावों का विश्लेषण कीजिये। (250 शब्द)

हल करने का दृष्टिकोण:

- क्षेत्रवाद को परिभाषित करते हुए परिचय लिखिये।
- क्षेत्रवाद से उत्पन्न चुनौतियों का उल्लेख कीजिये।
- राजनीतिक स्थिरता और सामाजिक-आर्थिक विकास पर क्षेत्रवाद के निहितार्थों पर गहराई से विचार कीजिये।
- क्षेत्रवाद से निपटने के उपाय सुझाइये।
- क्षेत्रीय एकीकरण का सुझाव देते हुए एक सकारात्मक टिप्पणी के साथ निष्कर्ष लिखिये।

परिचय:

क्षेत्रवाद का तात्पर्य प्राय: राष्ट्रीय हितों से परे क्षेत्र या राज्य के प्रति अतिरंजित लगाव से है। इसमें अक्सर क्षेत्र की अद्वितीय सांस्कृतिक, आर्थिक, ऐतिहासिक या भौगोलिक विशेषताओं के आधार पर **अधिक स्वायत्तता, नियंत्रण या निर्णय लेने की शक्ति** का समर्थन करना शामिल है।

नोट :

मुख्य भाग:

क्षेत्रवाद द्वारा उत्पन्न चुनौतियाँ:

- **स्वायत्तता/अलगाववाद की मांग:** क्षेत्रवाद अधिक स्वायत्तता या यहाँ तक कि अलगाव की मांग को बढ़ावा दे सकता है, जैसा कि **पंजाब (खालिस्तान आंदोलन) और पूर्वोत्तर (नागा विद्रोह, बोडोलैंड आंदोलन)** जैसे राज्यों में देखा गया है, जिससे राष्ट्रीय एकता एवं क्षेत्रीय अखंडता को खतरा है।
- **जातीय/भाषायी संघर्ष:** जातीयता या भाषा के आधार पर क्षेत्रीय पहचान का दावा संघर्ष को जन्म दे सकता है, जैसा कि **मणिपुर (कुकी-मैतेई संघर्ष), असम (बोडो-बंगाली संघर्ष), श्रीलंका (तमिल अल्पसंख्यक मुद्दा)** में देखा गया है।
- **सत्ता-साझाकरण के मुद्दे:** क्षेत्रवाद केंद्र और राज्यों के बीच सत्ता-साझाकरण को जटिल बना देता है, जिससे प्राय: संसाधन आवंटन, नीति कार्यान्वयन का विरोध होता है, जैसा कि केंद्र तथा **तमिलनाडु एवं पश्चिम बंगाल** जैसे राज्यों के बीच लंबे समय से चले आ रहे विवादों में देखा गया है।
- **नीति कार्यान्वयन में बाधाएँ:** सत्ता में क्षेत्रीय दल राष्ट्रीय हितों पर क्षेत्रीय हितों को प्राथमिकता दे सकते हैं, जिससे केंद्र सरकार द्वारा नीतियों और कार्यक्रमों के प्रभावी कार्यान्वयन में बाधा आ सकती है।
  - उदाहरण के लिये जैसे कि **राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020** को कुछ राज्यों में विरोध का सामना करना पड़ रहा है।
- **नौकरशाही का राजनीतिकरण:** अधिक प्रतिनिधित्व और स्वायत्तता की मांग से **क्षेत्रीय आधार** पर नौकरशाही एवं शासन संरचनाओं का राजनीतिकरण हो सकता है, जैसा कि **उत्तर प्रदेश तथा बिहार** जैसे राज्यों में देखा गया है।

क्षेत्रवाद के निहितार्थ:

- राजनीतिक स्थिरता:
  - **बार-बार चुनाव और अस्थिर सरकारें:** क्षेत्रीय दलों के उदय से केंद्र में खंडित जनादेश, लगातार चुनाव एवं अस्थिर गठबंधन सरकारें हो सकती हैं, जिससे दीर्घकालिक नीति योजना और कार्यान्वयन में बाधा आ सकती है, जैसा कि वर्ष 1990 के दशक के अंत में केंद्र में लगातार सरकार में परिवर्तन देखा गया था।
  - **कानून और व्यवस्था के मुद्दे:** क्षेत्रवाद विरोध प्रदर्शनों, आंदोलनों और कानून व्यवस्था के मुद्दों को बढ़ावा दे सकता है, जिससे संभावित रूप से राज्य प्राधिकरण का क्षरण एवं केंद्रीय बलों का दुरुपयोग हो सकता है, जैसा कि पश्चिम बंगाल में गोरखालैंड आंदोलन के दौरान देखा गया था।
  - **बाहरी हस्तक्षेप:** सीमा पार जातीय या भाषायी संबंधों वाले क्षेत्र बाहरी हस्तक्षेप के प्रति संवेदनशील हो सकते हैं, जिससे राष्ट्र के लिये सुरक्षा चुनौतियाँ उत्पन्न हो सकती हैं, जैसा कि पूर्वोत्तर विद्रोह में चीन और म्याँमार के कथित प्रभाव में देखा गया है।
- सामाजिक-आर्थिक विकास:
  - **असमान विकास:** क्षेत्रवाद संसाधनों के असमान वितरण का कारण बन सकता है, जिससे विकास संबंधी असमानताएँ उत्पन्न हो सकती हैं, जैसा कि महाराष्ट्र और कर्नाटक में देखा गया है, जहाँ कुछ क्षेत्र अधिक विकसित हैं जबकि अन्य इससे उपेक्षित हैं।
  - **प्रतिभा पलायन:** कथित भेदभाव कुछ क्षेत्रों से कुशल पेशेवरों के प्रवास को गति दे सकता है, जिससे प्रतिभा पलायन हो सकता है जैसा कि **केरल** राज्य में देखा गया है।

क्षेत्रवाद से निपटने के उपाय:

- **शिक्षा के माध्यम से राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देना:** एकता, विविधता और राष्ट्रीय गौरव पर ज़ोर देने के लिये स्कूल एवं कॉलेज के पाठ्यक्रमों को संशोधित करना, एक भारत श्रेष्ठ भारत जैसे सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रमों को बढ़ावा देना तथा राष्ट्रीय एकता यात्रा जैसी पहल के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में छात्र संवाद को प्रोत्साहित करना।
- **संतुलित क्षेत्रीय विकास:** संसाधनों को समान रूप से आवंटित करके आर्थिक असमानताओं को दूर करना, आईआईटी, आईआईएम और एम्स जैसे अविकसित क्षेत्रों में केंद्रीय संस्थान स्थापित करना तथा वंचित ज़िलों के लिये विकास कार्यक्रमों पर ध्यान केंद्रित करना।
- **सहकारी संघवाद को मज़बूत करना: राज्यों को वित्तीय स्वायत्तता के साथ सशक्त बनाना**, नीति आयोग और अंतर-राज्य परिषद जैसे निकायों के माध्यम से सहयोगात्मक नीति-निर्माण में संलग्न होना।
- **प्रौद्योगिकी का लाभ उठाना:** शासन के लिये प्रगति जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म को अपनाना और **CPGRAMS** के माध्यम से वास्तविक समय पर शिकायत निवारण प्रदान करना, केंद्र एवं दूरदराज़ के क्षेत्रों के बीच कनेक्टिविटी को बढ़ाना।
- **सांस्कृतिक कूटनीति:** राष्ट्रीय सांस्कृतिक त्योहारों के माध्यम से विविधता को अपनाना, **देखो अपना देश जैसे अभियानों** के माध्यम से **अंतर-क्षेत्रीय पर्यटन को बढ़ावा** देना और प्रवासी भारतीय दिवस जैसे आयोजनों के माध्यम से अंतर-सांस्कृतिक समझ को बढ़ावा देना।

नोट :

- **सुचारु अंतर-क्षेत्रीय गतिशीलता: भाषायी और सांस्कृतिक अधिकारों की रक्षा** करना, केंद्रीय संस्थानों में उचित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करना तथा राष्ट्रीय कॅरियर सेवा के माध्यम से **अंतर-क्षेत्रीय गतिशीलता एवं नौकरी के अवसरों को बढ़ावा** देना।

निष्कर्ष:

राष्ट्रीय हितों के साथ क्षेत्रीय आकांक्षाओं को संतुलित करना **भारत की स्थिरता, सामाजिक सद्भाव और समावेशी विकास** के लिये महत्त्वपूर्ण है। इसमें राष्ट्रीय पहचान को बढ़ावा देना, **संवाद एवं विकेंद्रीकरण** के माध्यम से क्षेत्रीय मुद्दों को संबोधित करना तथा क्षेत्रवाद की चुनौतियों से निपटने के लिये **सहकारी संघवाद को अपनाना** शामिल है।

भूगोल

प्रश्न : 'एशिया के वाटर टॉवर' के रूप में हिमालय की भूमिका तथा भारतीय उपमहाद्वीप की क्षेत्रीय जलवायु एवं जैवविविधता पर इसके प्रभावों का परीक्षण कीजिये। (250 शब्द)

हल करने का दृष्टिकोण:

- हिंदूकुश हिमालय का वर्णन करते हुए उत्तर का परिचय लिखिये।
- वॉटर टावर ऑफ एशिया के रूप में हिमालय की भूमिका बताइये।
- क्षेत्रीय जलवायु और जैवविविधता पर हिमालय के प्रभाव का उल्लेख कीजिये।
- तद्नुसार निष्कर्ष लिखिये।



परिचय:

हिमालय या विशेष रूप से **हिंदूकुश हिमालय** को प्राय: **'वॉटर टावर ऑफ एशिया'** कहा जाता है, जो भारतीय उपमहाद्वीप की क्षेत्रीय जलवायु और जैवविविधता को आकार देने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है क्योंकि यह **आर्कटिक तथा अंटार्कटिका** के बाहर हिम एवं बर्फ की पाई जाने वाली सबसे बड़ी मात्रा में से एक है।

मुख्य भाग:

वॉटर टावर ऑफ एशिया के रूप में हिमालय की भूमिका:

- **हिमनद जलाशय और स्राव:** आर्कटिक और अंटार्कटिका की ध्रुवीय हिम से पृथक हिमालय में ग्लेशियरों की सबसे बड़ी सघनता है।
  - ये ग्लेशियर विशाल प्राकृतिक जलाशयों के रूप में कार्य करते हैं, जो **सर्दियों की बर्फबारी (जैसे- गंगोत्री ग्लेशियर)** को संग्रहित करते हैं और शुष्क ग्रीष्मकाल के दौरान पिघलते हैं, जिससे **सिंधु, गंगा एवं ब्रह्मपुत्र** जैसी प्रमुख नदियों को जल मिलता है।
  - यह भारतीय उपमहाद्वीप में लाखों लोगों के लिये मीठे जल का एक महत्त्वपूर्ण और सतत् स्रोत प्रदान करता है।
- **विविध पारिस्थितिकी प्रणालियों का समर्थन:** हिमालय द्वारा पोषित बारहमासी नदियाँ पारिस्थितिकी प्रणालियों के एक विशाल संजाल (Network) का निर्माण करती हैं।
  - ये नदियाँ उपजाऊ मैदानों (जैसे- सिंधु-गंगा के मैदान) और आर्द्रभूमि (जैसे- **सुंदरबन के** मैंग्रोव वन) के लिये जीवन रेखा के रूप में कार्य करती हैं।
  - यह संपूर्ण उपमहाद्वीप में वनस्पतियों और जीवों की एक समृद्ध टेपेस्ट्री (Tapestry Of Flora and Fauna) का समर्थन करता है।

क्षेत्रीय जलवायु और जैवविविधता पर हिमालय का प्रभाव:

- क्षेत्रीय जलवायु पर प्रभाव:
  - **तापमान में कमी:** हिमालय, मध्य एशिया से आने वाली शीतल पवनों से भारतीय गंगा के मैदानों की रक्षा करता है, ताकि भारतीय उपमहाद्वीप में अत्यधिक शीतल तापमान को रोका जा सकता है।
    - इसके विपरीत हिमालय के निचले क्षेत्र में स्थित **तिब्बती पठार**, वर्षा छाया प्रभाव के कारण बहुत अधिक कठोर और शुष्क जलवायु का अनुभव करता है।

नोट :

- **मानसून निर्माण:** हिमालय भारतीय मानसून प्रणाली के निर्माण में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है।
  - यह **आर्द्रता युक्त पवनों को आगे** बढ़ने में मदद करता हैं, जिससे उपमहाद्वीप के दक्षिणी ढालों पर संघनन और भारी वर्षा होती है।
  - यह मौसमी परिघटना, कृषि के लिये वर्षा हेतु महत्त्वपूर्ण है और पारिस्थितिकी तंत्र को बनाए रखती है।
  - पश्चिमी विक्षोभ के हिमालय के साथ संपर्क से **उत्तरी भारत, पाकिस्तान और अफगानिस्तान के कुछ भागों** में वर्षा पैटर्न प्रभावित होते हैं।
- **स्थानीयकृत मौसमी परिघटना:** हिमालय की जटिल स्थलाकृति, इसकी गहरी घाटियाँ स्थानीयकृत मौसमी परिघटनाओं का निर्माण करती है, जिसमें घाटी की पवनें (Valley Wind), पर्वतीय पवनें और फोह्न पवनें शामिल हैं।
  - **असम में ब्रह्मपुत्र घाटी और कश्मीर घाटी** में आस-पास की हिमालय शृंखलाओं के प्रभाव के कारण अलग-अलग सूक्ष्म जलवायु परिस्थितियों का अनुभव होता है।

- जैवविविधता पर प्रभाव: Impact on Biodiversity:
  - **ऊँचाई वाले क्षेत्र:** हिमालय उष्णकटिबंधीय (उदाहरण के लिये, तराई क्षेत्र) से लेकर अल्पाइन (उदाहरण के लिये, लद्दाख) तक ऊँचाई वाले क्षेत्रों की एक विस्तृत शृंखला प्रदर्शित करता है, जो विविध पारिस्थितिक तंत्र और प्रजातियों का समर्थन करता है।
    - नेपाल और सिक्किम की मध्य पर्वतीय क्षेत्रों में **रोडोडेंड्रोन वन, कश्मीर में गुलमर्ग की अल्पाइन घास** के मैदान एवं **लद्दाख के शीत रेगिस्तान** विभिन्न ऊँचाइयों पर पाए जाने वाले अद्वितीय आवासों के उदाहरण हैं।
  - **स्थानिक प्रजातियाँ:** हिमालय कई स्थानिक प्रजातियों का घर है, जैसे- **हिमालयन तहर, गोल्डन लंगूर और पिग्मी हॉग।**
  - **प्रवासी मार्ग:** हिमालय डेमोइसेल क्रेन जैसी प्रजातियों के लिये एक महत्त्वपूर्ण प्रवासी गलियारे के रूप में कार्य करता है।
    - **कंचनजंगा बायोस्फीयर रिज़र्व** प्रवासी जल पक्षियों के लिये एक महत्त्वपूर्ण स्थान है।

निष्कर्ष:

हिमालय केवल एक शानदार पर्वत शृंखला नहीं है, बल्कि यह **भारतीय उपमहाद्वीप की जीवनधारा** है, जो एशिया के प्राथमिक जल स्रोत, जलवायु नियामक और अद्वितीय जैवविविधता के केंद्र के रूप में कार्य करता है। इस प्रतिष्ठित प्राकृतिक संपत्ति का संरक्षण न केवल इसकी सुंदरता के लिये बल्कि संपूर्ण क्षेत्र के सतत् विकास और लचीलापन सुनिश्चित करने के लिये भी आवश्यक है।

प्रश्न : मरीन क्लाउड ब्राइटनिंग (Marine Cloud Brightening) क्या है? जलवायु परिवर्तन के शमन के संदर्भ में इसके संभावित लाभों एवं जोखिमों पर चर्चा कीजिये। (250 शब्द)

उत्तर :

हल करने का दृष्टिकोण:

- मरीन क्लाउड ब्राइटनिंग को परिभाषित करते हुए परिचय लिखिये।
- MCB के संभावित लाभों का वर्णन कीजिये।
- इससे संबंधित महत्त्वपूर्ण जोखिमों पर प्रकाश डालिये।
- तद्नुसार निष्कर्ष लिखिये।

परिचय:

मरीन क्लाउड ब्राइटनिंग (MCB) एक प्रस्तावित भू-अभियांत्रिकी तकनीक है, जिसका उद्देश्य निम्न-स्तरीय समुद्री मेघों की परावर्तनशीलता को बढ़ाकर जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करना है, जिससे अधिक आने वाली सूर्य की रोशनी को वापस अंतरिक्ष में प्रतिबिंबित किया सके और पृथ्वी की सतह द्वारा अवशोषित सौर विकिरण की मात्रा को कम किया जाता है।

- इस प्रक्रिया के अंतर्गत वायुमंडल में समुद्री जल के कणों की एक महीन धुंध का छिड़काव शामिल है, जो मेघ संघनन नाभिक के रूप में कार्य करता है और उज्जवल, अधिक परावर्तक मेघों के निर्माण को बढ़ावा देता है।
- इन मेघों में उच्च अल्बेडो (परावर्तनशीलता) होता है और यह आने वाली सूर्य की रोशनी को प्रतिबिंबित कर सकते हैं, जिससे संभावित रूप से पृथ्वी की सतह शीतल हो सकती है।

नोट :



मुख्य भाग:

संभावित लाभ:

- **शीतलन प्रभाव:** यह MCB में अधिक सूर्य के प्रकाश को वापस अंतरिक्ष में परावर्तित करके वैश्विक तापमान को कम करने की क्षमता है, जिससे ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन के कारण होने वाले जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को संभावित रूप से कम किया जा सकता है।
  - MCB अत्यधिक समुद्री हीट को कम कर सकता है, संभावित रूप से ब्लीचिंग के खतरों का सामना करने वाली प्रवाल भित्तियों जैसे समुद्री पारिस्थितिक तंत्र की रक्षा कर सकता है।
- **उत्सर्जन में कटौती के लिये खरीदारी का समय:** जब हम स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों की ओर बढ़ रहे हैं तो MCB एक बफर प्रदान कर सकता है।
  - खरीदारी का यह समय उत्सर्जन में गहन कटौती (Deeper Cut) की अनुमति दे सकता है और ध्रुवीय हिमों की परतों के अपरिवर्तनीय विगलन जैसे विनाशकारी टिपिंग पॉइंट्स तक पहुँचने से बच सकता है।
- **स्थानीयकृत प्रभाव:** वैश्विक शीतलन प्राप्त करने का लक्ष्य रखने वाली अन्य भू-अभियांत्रिकी तकनीकों के विपरीत, MCB को विशिष्ट क्षेत्रों में लक्षित किया जा सकता है, जिससे अधिक स्थानीयकृत जलवायु हस्तक्षेप की अनुमति मिलती है।
  - उदाहरण के लिये MCB को विशेष रूप से समुद्र के बढ़ते स्तर या अत्यधिक हीट इवेंट्स के प्रति संवेदनशील क्षेत्रों में तैनात किया जा सकता है।
- **उत्क्रमणीयता:** MCB का प्रभाव अपेक्षाकृत अल्पकालिक होता है और यदि इसे रोक दिया गया, तो पृथ्वी की जलवायु कुछ वर्षों के भीतर अपनी विगत स्थिति में वापस आ जाएगी, जिससे यह संभावित रूप से प्रतिवर्ती तकनीक (Potentially Reversible Technique) बन जाएगी।
- **लागत-प्रभावशीलता:** अन्य भू-अभियांत्रिकी तकनीकों की तुलना में MCB को अपेक्षाकृत सस्ता और तकनीकी रूप से व्यवहार्य माना जाता है।

संभाव्य जोखिम:

- **अनपेक्षित परिणाम:** पृथ्वी की जलवायु प्रणाली में किसी भी बड़े पैमाने के हस्तक्षेप की तरह, MCB में अनपेक्षित परिणामों का जोखिम होता है जिनकी भविष्यवाणी करना मुश्किल होता है, जैसे वर्षा पैटर्न में बदलाव, महासागर परिसंचरण और पारिस्थितिकी तंत्र में व्यवधान आदि।
- **सीमित दायरा:** MCB सभी क्षेत्रों में प्रभावी नहीं हो सकता है। मेघों के प्रकार और वायुमंडलीय स्थितियाँ इसकी प्रभावशीलता पर महत्त्वपूर्ण प्रभाव डाल सकती हैं।

नोट :

- **उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में MCB** तैनात करने से, जहाँ मेघ पहले से ही काफी प्रतिबिंबित होते हैं, ग्लोबल वॉर्मिंग पर न्यूनतम प्रभाव पड़ने की संभावना है।

- **स्थानिक परिवर्तनशीलता:** MCB के शीतलन प्रभाव समान रूप से वितरित नहीं हो सकते हैं, जिससे क्षेत्रीय असमानताएँ और संसाधन आवंटन तथा तैनाती पर संभावित संघर्ष की संभावना है।
- **नैतिक संकट:** MCB की कथित प्रभावशीलता संभावित रूप से जलवायु परिवर्तन के मूल कारणों, जैसे ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने, को संबोधित करने की तात्कालिकता को कम कर सकती है।
- **अंतर्राष्ट्रीय शासन:** MCB को एकतरफा तैनात करने से अंतर्राष्ट्रीय विवाद उत्पन्न हो सकते हैं। हालाँकि ज़िम्मेदार कार्यान्वयन के लिये प्रभावी अंतर्राष्ट्रीय समझौते की आवश्यकता होगी।

निष्कर्ष:

MCB एक संभावित जलवायु परिवर्तन शमन रणनीति के रूप में वादा करता है, बड़े पैमाने पर इसकी तैनाती के लिये जोखिमों पर सावधानीपूर्वक विचार करने की आवश्यकता होगी, साथ ही ज़िम्मेदार कार्यान्वयन और निगरानी सुनिश्चित करने के लिये मज़बूत शासन ढाँचे एवं अंतर्राष्ट्रीय सहयोग की आवश्यकता होगी।

संस्कृति

प्रश्न : भारतीय इतिहास में स्मारकों एवं कलात्मक अभिव्यक्तियों की संकल्पना तथा निर्माण पर भारतीय दर्शन एवं परंपरा के प्रभावों का परीक्षण कीजिये। (250 शब्द)

उत्तर :

हल करने का दृष्टिकोण:

- उत्तर की शुरुआत भारतीय दर्शन और परंपरा को संक्षिप्त रूप से समझाइये।
- भारतीय दर्शन और परंपरा ने विभिन्न अवस्थाओं में भारतीय स्मारकों एवं कलात्मक अभिव्यक्तियों को कैसे प्रभावित किया, इसका विस्तृत रूप से वर्णन कीजिये।
- संपूर्ण इतिहास में संबंधित स्थापत्य के उदाहरणों का उपयोग करते हुए उल्लेख कीजिये।
- तद्नुसार निष्कर्ष लिखिये।

परिचय:

भारतीय दर्शन भारतीय उपमहाद्वीप में विकसित दार्शनिक परंपराओं को संदर्भित करता है। इसमें हिंदू, बौद्ध और जैन दर्शन सहित अन्य दर्शन शामिल हैं।

भारत में दर्शन और धर्म के बीच अविभाज्य संबंध ने कलात्मक अभिव्यक्ति के लिये एक शक्तिशाली प्रेरणा के रूप में कार्य किया है। यह प्रभाव प्रारंभिक बौद्ध स्मारकों से लेकर हिंदू मंदिरों की भव्यता तक, बाद में निर्मित मस्जिदों और चर्चों में भी धार्मिक संरचनाओं के वर्णक्रम में स्पष्ट है, ये सभी अपने-अपने धर्मों के अद्वितीय दार्शनिक आधार को दर्शाते हैं।

मुख्य भाग:

- **प्रारंभिक सभ्यताएँ:**
  - सिंधु घाटी सभ्यता (हड़प्पा) ने उन्नत शहरी नियोजन प्रदर्शित किया और स्वस्तिक जैसे प्रतीकों का इस्तेमाल किया, जो एक सुविकसित दार्शनिक एवं आध्यात्मिक प्रणाली को रेखांकित करता था, जिसने बाद में हिंदू धर्म को प्रभावित किया।
- **वैदिक काल:**
  - इस अवधि के दौरान स्थापित वर्ण व्यवस्था ने सामाजिक संरचनाओं को प्रभावित किया और शहरों के विकास को प्रभावित किया।
  - वैदिक ग्रंथों ने अनुष्ठानों और मान्यताओं के साथ-साथ दार्शनिक अवधारणाओं की खोज की। अग्नि एवं आकाश जैसे प्रकृति देवताओं की उपासना के कारण अग्नि वेदियों का निर्माण हुआ, जो आज भी महत्त्वपूर्ण है।
- **बौद्ध धर्म और जैन धर्म का उदय:**
  - अजंता और एलोरा जैसे स्थानों में गुफा चित्र (Cave Painting) एवं मूर्तियाँ इन दार्शनिक शिक्षाओं को चित्रित करने के लिये शक्तिशाली साधन बन गईं।
  - बुद्ध के जीवन चक्र और जैन तीर्थंकरों की छवियाँ इसका उदाहरण हैं।
  - आजीवक, जैन और बौद्ध धर्म से संबंधित तपस्वियों को ध्यान के लिये स्थानों की आवश्यकता होती थी। लोमस ऋषि, अजंता या एलोरा जैसी चट्टानों को काटकर निर्मित गुफाएँ भिक्षुओं एवं संतों के लिये एकांत स्थान प्रदान करने के लिये बनाई गई थीं।
- **अशोक का शासनकाल:**
  - बौद्ध दर्शन ने अशोक के स्तंभों और स्तूपों के डिज़ाइन को काफी प्रभावित किया। स्तंभ का चक्र धर्म चक्र की गति का प्रतीक है, स्तूप का छत्र बौद्ध धर्म के तीन रत्नों का प्रतिनिधित्व करता है।

नोट :

- **गुप्त काल और उसके बाद:**
  - हिंदू मंदिर स्थापत्य नागर, वेसर और द्रविड़ जैसी विशिष्ट शैलियों के साथ विकसित हुईं। हिंदू महाकाव्यों तथा पौराणिक कथाओं की कहानियों एवं पात्रों को चित्रित करने वाली मूर्तियाँ मंदिरों की शोभा बढ़ाती हैं।
  - खजुराहो मंदिर का क्षेत्र तीन त्रिकोणों में विभाजित है जो तीन लोकों या त्रिलोकीनाथ और पाँच ब्रह्मांडीय पदार्थों या पंचभूतेश्वर के हिंदू प्रतीकों को प्रतिबिंबित करने के लिये एक पंचकोण का निर्माण करते हैं।
- **पल्लव एवं चोल राजवंश:**
  - इन शासकों के अधीन मंदिर सामाजिक केंद्र बन गए। इन्होंने महाबलीपुरम के "रथ" मंदिरों और पल्लवों द्वारा कैलाशनाथर एवं वैकुंठपेरुमल मंदिरों जैसी शानदार संरचनाओं का निर्माण किया।
- **मध्यकाल:**
  - मुगल सम्राट अकबर धर्म का एकीकरण, दीन-ए-इलाही का प्रयास, दार्शनिक संश्लेषण का उदाहरण है। संस्कृतियों के इस सम्मिश्रण ने विभिन्न क्षेत्रों में नवीन कलात्मक अभिव्यक्तियों को जन्म दिया।
- **आधुनिक भारत:**
  - ब्रिटिश शासन के दौरान यूरोपीय स्थापत्य शैली ने लोकप्रियता हासिल की, एक अनूठी इंडो-सारसेनिक शैली उभरी, जिसमें इंडो-इस्लामिक और यूरोपीय प्रभावों का मिश्रण था।

निष्कर्ष:

भारतीय दर्शन ने देश के इतिहास में कलात्मक अभिव्यक्ति के लिये निरंतर प्रेरणा स्रोत के रूप में कार्य किया है। सिंधु घाटी सभ्यता से लेकर आधुनिक युग तक, इसने एक समृद्ध और विविध सांस्कृतिक परिदृश्य को पीछे छोड़ते हुए शहरों, स्मारकों एवं कला के डिज़ाइन को आकार दिया है।

■■■

दृष्टि The Vision

नोट :

सामान्य अध्ययन पेपर-2

अंतर्राष्ट्रीय संबंध

प्रश्न : भारत की ऊर्जा सुरक्षा पर पश्चिम एशिया के राजनीतिक विकास से संबंधित चुनौतियों पर चर्चा करते हुए इन चुनौतियों से निपटने के तरीके बताइये। (250 शब्द)

उत्तर :

हल करने का दृष्टिकोण:
- पश्चिम एशिया में हाल ही में हुए राजनीतिक घटनाक्रम के बारे में बताते हुए उत्तर की शुरुआत कीजिये।
- पश्चिम एशिया में राजनीतिक घटनाक्रम से संबंधित भारत की ऊर्जा सुरक्षा से संबंधित चुनौतियों का उल्लेख कीजिये।
- इन चुनौतियों से निपटने के तरीके बताइये।
- उपयुक्त निष्कर्ष लिखिये।

परिचय:

भारत की ऊर्जा सुरक्षा पश्चिम एशिया से होने वाले तेल के स्थिर एवं पूर्वानुमानित आयात पर काफी हद तक निर्भर है। हालाँकि ईरान एवं सऊदी अरब के बीच संवेदनशील सुलह प्रयास, इराक से अमेरिकी सेना की वापसी को लेकर अनिश्चितताएँ तथा इस क्षेत्र में घरेलू अशांति व सत्तावादी प्रवृत्तियों के बढ़ने जैसे हालिया राजनीतिक घटनाक्रम इस संदर्भ में महत्त्वपूर्ण चुनौतियाँ प्रस्तुत करते हैं, जिससे यह आपूर्ति शृंखला संवेदनशील हुई है। ऐतिहासिक रूप से, पश्चिम एशिया की भारत के कच्चे तेल के आयात में महत्त्वपूर्ण भूमिका रही है और इसकी कुल कच्चे तेल के आयात में 80% से अधिक की हिस्सेदारी है।

मुख्य भाग:

पश्चिम एशिया में हाल के राजनीतिक घटनाक्रमों के आलोक में भारत की ऊर्जा सुरक्षा से संबंधित चुनौतियाँ:

- **आपूर्ति में व्यवधान तथा मूल्य में उतार-चढ़ाव:**
  - पश्चिम एशिया में राजनीतिक अस्थिरता, जिसमें संघर्ष तथा गृह युद्ध (जैसे- इराक, सीरिया और यमन में) शामिल हैं, से तेल एवं गैस की आपूर्ति में व्यवधान उत्पन्न हो सकता है। इस व्यवधान से भारत का ऊर्जा आयात प्रभावित होने के साथ इसकी कमी होने से कीमतों में वृद्धि हो सकती है।
  - उदाहरण के लिये होर्मुज जलडमरूमध्य (जिसकी वैश्विक तेल शिपमेंट में काफी भूमिका है) में संघर्ष से भारत की तेल आपूर्ति पर तत्काल एवं गंभीर प्रभाव पड़ सकता है।
- **कुछ आपूर्तिकर्त्ताओं पर निर्भरता:**
  - तेल एवं गैस आपूर्ति के लिये कुछ पश्चिम एशियाई देशों पर भारत की अधिक निर्भरता, इन देशों में राजनीतिक घटनाक्रमों के प्रति इसे संवेदनशील बनाती है।
    - उदाहरण के लिये भारत के तेल आयात में सऊदी अरब, इराक और यूएई जैसे देशों की प्रमुख हिस्सेदारी है। इन देशों में कोई भी राजनीतिक अस्थिरता या नीति परिवर्तन भारत की ऊर्जा सुरक्षा को सीधे प्रभावित कर सकता है।
- **भू-राजनीतिक गठबंधन एवं प्रतिद्वंद्विता:**
  - पश्चिम एशिया जटिल भू-राजनीतिक गठबंधनों और प्रतिद्वंद्विता का क्षेत्र है, जिसमें न केवल सऊदी अरब, ईरान एवं तुर्की जैसी क्षेत्रीय शक्तियाँ शामिल हैं बल्कि अमेरिका, रूस तथा चीन जैसी बाहरी शक्तियाँ भी शामिल हैं।
    - भारत के लिये स्थिर ऊर्जा आयात बनाए रखते हुए इस गतिशीलता को संतुलित करना चुनौतीपूर्ण है। इस क्षेत्र में विरोधी गुटों के साथ संबंधों को संतुलित करने की आवश्यकता से भारत की विदेश नीति एवं ऊर्जा रणनीतियों में जटिलता आ सकती है।
- **प्रतिबंध और अंतर्राष्ट्रीय नीतियाँ:**
  - अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबंध (विशेष रूप से ईरान जैसे देशों पर संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा लगाए गए प्रतिबंध) महत्त्वपूर्ण चुनौतियाँ पेश करते हैं।
    - उदाहरण के लिये ईरान की अनुकूल शर्तों के बावजूद, भारत को अमेरिकी प्रतिबंधों के कारण ईरान से अपने तेल आयात को कम करना पड़ा है।

भारत की ऊर्जा सुरक्षा से संबंधित चुनौतियों से निपटने के तरीके:

- **पश्चिम एशिया से परे तेल आयात में विविधीकरण:**
  - भारत को अफ्रीका, मध्य एशिया तथा अमेरिका में अन्वेषण एवं उत्पादन परियोजनाओं में निवेश करके अपने तेल तथा गैस आयात स्रोतों में विविधता लाने के अपने प्रयासों में तेज़ी लाने की ज़रूरत है।
- **रणनीतिक साझेदारी:**
  - ईरान-सऊदी अरब के बीच संबंधों को मज़बूत करते हुए, भारत को दोनों देशों एवं अन्य प्रमुख उत्पादकों के साथ मज़बूत संबंध बनाए रखने चाहिये।

नोट :

- इससे आपूर्ति में व्यवधानों से बचाव के साथ प्रतिस्पर्द्धी कीमतों को सुरक्षित करने में मदद मिल सकती है।

- **घरेलू उत्पादन एवं रणनीतिक भंडारण को बढ़ावा देना:**
  - घरेलू अन्वेषण एवं शोधन क्षमताओं में निवेश करने से भारत की आयातित तेल पर निर्भरता में काफी कमी आ सकती है, जिससे बाहरी असंतुलन का असर कम हो सकता है।
  - भारत को क्षेत्रीय अस्थिरता या मूल्य अस्थिरता के कारण संभावित आपूर्ति व्यवधानों से बचने के लिये अपने रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार को बढ़ावा देना चाहिये।
- **क्षेत्रीय स्थिरता को बढ़ावा देना:**
  - भारत, पश्चिम एशिया में संवाद तथा शांतिपूर्ण संघर्ष समाधान तंत्र को बढ़ावा देने के लिये अपने बढ़ते प्रभाव का लाभ उठा सकता है।
  - अधिक स्थिर क्षेत्र से अधिक विश्वसनीय ऊर्जा आपूर्ति वातावरण को बढ़ावा मिल सकता है।
- **नवीकरणीय ऊर्जा में निवेश:**
  - सौर एवं पवन जैसे नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों में त्वरित निवेश से लंबे समय में पश्चिम एशिया के जीवाश्म ईंधन पर भारत की निर्भरता में उल्लेखनीय कमी आ सकती है।
- **परमाणु ऊर्जा की संभावनाओं पर ध्यान देना:**
  - परमाणु ऊर्जा संयंत्र स्वच्छ, आधारभूत ऊर्जा उत्पन्न करते हैं, जिससे अस्थिर जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता में कमी आ सकती है।
  - परमाणु प्रौद्योगिकी में निवेश से भारत के ऊर्जा क्षेत्र को मज़बूती मिल सकती है तथा दीर्घकालिक ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित हो सकती है।

निष्कर्ष:

पश्चिम एशिया की हाल की राजनीतिक अनिश्चितताओं से भारत की ऊर्जा सुरक्षा पर प्रश्न चिह्न लगा है। भारत को इस जटिल परिदृश्य से निपटने तथा अपनी दीर्घकालिक ऊर्जा आवश्यकताओं को सुनिश्चित करने के लिये तेल आयात में विविधता लाने एवं रणनीतिक साझेदारी बनाने के साथ घरेलू उत्पादन और नवीकरणीय ऊर्जा में निवेश करना चाहिये।

प्रश्न : क्षेत्रीय शक्तियों एवं गुटों का उदय वैश्विक व्यवस्था को नया आकार दे रहा है। संयुक्त राष्ट्र जैसी स्थापित बहुपक्षीय संस्थाओं के संदर्भ में इसके संभावित निहितार्थों पर चर्चा कीजिये। (250 शब्द)

उत्तर :

हल करने का दृष्टिकोण:

- बदलती वैश्विक व्यवस्था पर प्रकाश डालते हुए परिचय लिखिये।
- वैश्विक व्यवस्था को नया आकार देने वाली क्षेत्रीय शक्तियों और ब्लॉकों पर गहनता से चर्चा कीजिये।
- संयुक्त राष्ट्र जैसी स्थापित बहुपक्षीय संस्थाओं के लिये इसके निहितार्थों पर प्रकाश डालिये।
- तद्नुसार निष्कर्ष लिखिये।

परिचय:

वर्तमान वैश्विक व्यवस्था परिवर्तन के दौर से गुज़र रही है। क्षेत्रीय शक्तियों और गुटों का उदय संयुक्त राष्ट्र (UN) की स्थापित श्रेष्ठता को चुनौती दे रहा है। यह गतिशीलता संयुक्त राष्ट्र के लिये दोधारी तलवार प्रस्तुत करती है, जिसमें नवीन उद्देश्य के अवसरों के साथ-साथ प्रासंगिकता में संभावित गिरावट भी शामिल है।

मुख्य भाग:

वैश्विक व्यवस्था को नवीन आकार प्रदान करने वाली क्षेत्रीय शक्तियाँ और ब्लॉक:

- **नवीन आर्थिक शक्तियों का उदय:** क्षेत्रीय ब्लॉकों का उदय वैश्विक आर्थिक गतिशीलता को परिवर्तित कर रहा है।
  - उदाहरण के लिये ब्रिक्स देशों (ब्राज़ील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका) का बढ़ता आर्थिक प्रभाव G7 जैसी पारंपरिक पश्चिमी शक्तियों के प्रभुत्व को चुनौती देता है।
- **विकसित होते सुरक्षा परिदृश्य:** क्षेत्रीय ब्लॉक क्षेत्रीय सुरक्षा मुद्दों को आकार दे रहे हैं। उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) इसका एक प्रमुख उदाहरण है और रूस-यूक्रेन संघर्ष में इसका प्रभाव इसकी विकसित होती भूमिका को दर्शाता है।
- **वैकल्पिक विकास मॉडल:** एशियाई अवसंरचना निवेश बैंक (AIIB) जैसे- क्षेत्रीय विकास बैंक, विश्व बैंक और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) के लिये वैकल्पिक वित्तपोषण मॉडल पेश करते हैं, जिन पर पारंपरिक रूप से पश्चिमी शक्तियों का प्रभुत्व है।
  - यह विकास वित्त और अवसंरचना परियोजनाओं पर प्रभाव में बदलाव को दर्शाता है, जो संभावित रूप से अधिक बहुध्रुवीय दृष्टिकोण की ओर ले जाता है।

नोट :

- **उभरते मानक ढाँचे:** क्षेत्रीय ब्लॉक वैकल्पिक मानदंडों और मूल्यों को बढ़ावा दे रहे हैं।
  - सदस्य देशों के मामलों में हस्तक्षेप न करने पर आसियान का ज़ोर पश्चिमी शक्तियों द्वारा कभी-कभी पसंद किये जाने वाले हस्तक्षेपवादी दृष्टिकोण के विपरीत है।

संयुक्त राष्ट्र जैसे स्थापित बहुपक्षीय संस्थानों के निहितार्थ:

- **चुनौतियाँ:**
  - **बहुपक्षवाद का क्षरण:** क्षेत्रीय शक्तियाँ बहुपक्षीय सहयोग पर अपने हितों और क्षेत्रीय गठबंधनों को प्राथमिकता दे सकती हैं, जो संभावित रूप से संवाद एवं सहयोग के लिये वैश्विक मंच के रूप में संयुक्त राष्ट्र की भूमिका को कमज़ोर कर सकता है।
    - **उदाहरण:** चीन के नेतृत्व वाली बेल्ट एंड रोड पहल (BRI) एक क्षेत्रीय ढाँचे के भीतर बुनियादी ढाँचे के विकास पर ध्यान केंद्रित करती है, जो संभावित रूप से वैश्विक बुनियादी ढाँचे की योजना बनाने में संयुक्त राष्ट्र की भूमिका को दरकिनार कर देती है।
  - **प्रतिस्पर्द्धी हित और गतिरोध:** क्षेत्रीय शक्तियों और ब्लॉकों के बीच अलग-अलग हित तथा प्राथमिकताएँ संयुक्त राष्ट्र के भीतर विखंडन एवं गतिरोध को जन्म दे सकती हैं, जिससे वैश्विक चुनौतियों का प्रभावी ढंग से जवाब देने की इसकी क्षमता में बाधा आ सकती है।
    - **उदाहरण:** मानवाधिकार जैसे मुद्दों पर अमेरिका और चीन के बीच असहमति ने ज़मीन खोजने के संयुक्त राष्ट्र के प्रयासों को पंगु बना दिया है।
  - **संयुक्त राष्ट्र के अधिकार के लिये चुनौतियाँ:** क्षेत्रीय शक्तियाँ और ब्लॉक संयुक्त राष्ट्र के अधिकार तथा निर्णय लेने की प्रक्रियाओं पर तेज़ी से सवाल उठा सकते हैं, उन्हें पुराना एवं वर्तमान वैश्विक व्यवस्था का प्रतिनिधित्व न करने वाला मान सकते हैं।
    - **उदाहरण:** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की चल रही रूसी-यूक्रेन युद्ध जैसे संघर्षों को प्रभावी ढंग से संबोधित करने में असमर्थता ने उभरती शक्तियों के सुधार और प्रतिनिधित्व की आवश्यकता को उजागर किया है।
- **अवसर:**
  - **सुधार और अनुकूलन के उत्प्रेरक:** क्षेत्रीय शक्तियों का उदय संयुक्त राष्ट्र के भीतर अति आवश्यक सुधारों के लिये उत्प्रेरक के रूप में कार्य कर सकता है, जो अधिक समावेशी और प्रतिनिधि निर्णय लेने की प्रक्रियाओं को आगे बढ़ाएगा।
    - **उदाहरण:** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सीट के लिये भारत की आवाज़, जिसे कई क्षेत्रीय शक्तियों का समर्थन प्राप्त है, संयुक्त राष्ट्र में सुधार की मांग को दर्शाता है ताकि वर्तमान वैश्विक व्यवस्था को बेहतर ढंग से प्रतिबिंबित किया जा सके।
  - **अंतर्राष्ट्रीय चुनौतियों का समाधान:** संयुक्त राष्ट्र क्षेत्रीय शक्तियों और ब्लॉकों के साथ सहयोग कर सकता है क्योंकि वह बहुमूल्य संसाधनों एवं विशेषज्ञता में योगदान दे सकता है ताकि महामारी तथा आतंकवाद जैसी सामूहिक कार्रवाई की आवश्यकता वाली अंतर्राष्ट्रीय चुनौतियों का समाधान किया जा सके।
  - **बहुपक्षीय कूटनीति को सुविधाजनक बनाना:** क्षेत्रीय शक्तियाँ संयुक्त राष्ट्र के भीतर सेतु-निर्माता के रूप में कार्य कर सकती हैं, आम सहमति बना सकती हैं और विभाजन को पाट सकती हैं।
    - विकसित और विकासशील देशों के बीच एक सेतु के रूप में भारत की भूमिका इसका प्रमुख उदाहरण है।

निष्कर्ष:

क्षेत्रीय शक्तियों का उदय संयुक्त राष्ट्र के लिये एक जटिल चुनौती प्रस्तुत करता है। संस्था को क्षेत्रीय शक्तियों का लाभ उठाकर, अपनी सीमाओं को संबोधित करके, अधिक समावेशी, प्रतिनिधि वैश्विक व्यवस्था को बढ़ावा देकर अनुकूलन करने की आवश्यकता है। संयुक्त राष्ट्र का भविष्य सामूहिक हित के लिये क्षेत्रवाद की शक्ति का दोहन करने की इसकी क्षमता पर निर्भर करता है।

राजव्यवस्था

प्रश्न : भारत निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली पर वर्ष 1990 के बाद के चुनाव सुधारों के प्रभाव तथा लोकतांत्रिक शासन में उनके निहितार्थ का विश्लेषण कीजिये। (250 शब्द)

उत्तर :

हल करने का दृष्टिकोण:

- भारत जैसे लोकतंत्र में चुनाव सुधारों के महत्त्व के साथ शुरुआत कीजिये।
- भारत निर्वाचन आयोग (ECI) की कार्यप्रणाली पर चुनाव सुधारों के प्रभावों का उल्लेख कीजिये।
- लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था पर चुनाव सुधारों का प्रभाव बताइये।
- तद्नुसार निष्कर्ष लिखिये।

नोट :

परिचय:

चुनाव सुधार देश के लोकतांत्रिक ढाँचे को आकार देने, चुनावी प्रक्रिया की अखंडता, पारदर्शिता और विश्वसनीयता को प्रभावित करने में महत्त्वपूर्ण हैं।

भारत में वर्ष 1990 के बाद के युग में भारत निर्वाचन आयोग (ECI) की कार्यप्रणाली और समग्र लोकतांत्रिक शासन को मज़बूत करने के उद्देश्य से दूरगामी सुधारों की एक शृंखला के साथ एक ऐतिहासिक परिवर्तन देखा गया।

मुख्य भाग:

वर्ष 1990 के बाद के चुनाव सुधारों का प्रभाव:

- **भारत निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली पर:**
  - **इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनें (EVM):** वर्ष 1992 में संसद ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 में धारा 61A शामिल की और EVM के उपयोग को वैध बनाने एवं चुनावों में उनके उपयोग का मार्ग प्रशस्त करने वाले नियम बनाए। ECI ने वर्ष 1998 में व्यापक रूप से EVM का उपयोग शुरू किया।
    - जयललिता और अन्य बनाम भारत निर्वाचन आयोग (2002) मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि चुनावों में EVM का इस्तेमाल संवैधानिक रूप से वैध है।
  - **वोटर-वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल सिस्टम (VVPAT):** वर्ष 2013 में केंद्र सरकार ने संशोधित चुनाव संचालन नियम, 1961 को अधिसूचित किया, जिससे ECI को EVM के साथ VVPAT का उपयोग करने में सक्षम बनाया गया।
    - ADR बनाम भारत निर्वाचन आयोग (2024) में सर्वोच्च न्यायालय ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में यादृच्छिक रूप से 5% सत्यापन के साथ VVPAT के उपयोग की वैधता को बरकरार रखा।
  - **चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति:** मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा की शर्तें व कार्यालय की अवधि) अधिनियम 2023 ने चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के लिये एक चयन समिति की स्थापना की, जिसमें प्रधानमंत्री, एक केंद्रीय कैबिनेट मंत्री एवं विपक्ष के नेता शामिल हैं।
    - हालाँकि सर्वोच्च न्यायालय ने अनूप बरणवाल बनाम भारत संघ मामले (2023) में चुनाव सुधार पर दिनेश गोस्वामी समिति (1990) और विधि आयोग की 255वीं रिपोर्ट (2015) की सिफारिशों पर ज़ोर दिया।
    - इन रिपोर्टों में मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति के लिये प्रधानमंत्री, भारत के मुख्य न्यायाधीश एवं विपक्ष के नेता के साथ एक समिति का प्रस्ताव रखा गया।
- **लोकतांत्रिक शासन के संदर्भ में:**
  - **इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर समय का आवंटन:** चुनावों के दौरान इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर समान समय के आवंटन को लेकर ईसीआई अधिसूचना, 2003 ने राजनीतिक चर्चा को लोकतांत्रिक बना दिया है, जिससे विविध आवाज़ों और दृष्टिकोणों को मतदाताओं तक पहुँचने की अनुमति मिल गई है।
    - इस प्रावधान ने पक्षपातपूर्ण मीडिया के प्रभाव को कम कर दिया है, मतदाताओं के बीच सूचित निर्णय लेने को बढ़ावा दिया है।
  - **नोटा (उपरोक्त में से कोई नहीं):** नोटा को वर्ष 2013 में चुनावों में पेश किया गया था, जो मतदाताओं को मतपत्र की गोपनीयता बनाए रखते हुए किसी भी उम्मीदवार को वोट देने से परहेज़ करने की क्षमता प्रदान करता है।
    - सर्वोच्च न्यायालय ने चुनाव आयोग को मतपत्रों और इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों दोनों में उपरोक्त में से कोई नहीं (नोटा) विकल्प शामिल करने का निर्देश दिया।
  - **एग्जिट पोल पर प्रतिबंध:** वर्ष 2009 का एक प्रावधान लोकसभा और राज्य विधानसभा चुनावों के दौरान अंतिम चरण का मतदान समाप्त होने तक एग्जिट पोल आयोजित करने एवं प्रकाशित करने पर प्रतिबंध लगाता है।
    - एग्जिट पोल मतदाता के व्यवहार को प्रभावित कर सकते हैं, जिससे चुनाव के शुरुआती चरण में एक दल के हावी होने पर रुचि-आधारित मतदान से जन-आधारित मतदान की ओर बदलाव हो सकता है।
  - **मतदाता भागीदारी और आत्मविश्वास में वृद्धि:** राष्ट्रीय मतदाता सेवा पोर्टल और मतदाता हेल्पलाइन जैसे मतदाता सुविधा उपायों ने मतदाता जागरूकता एवं सहभागिता में सुधार किया है, जिससे मतदान प्रतिशत में वृद्धि हुई है।

निष्कर्ष:

वर्ष 1990 के बाद के चुनाव सुधारों ने ECI की कार्यप्रणाली में उल्लेखनीय वृद्धि की है, जिससे यह स्वतंत्र, निष्पक्ष और विश्वसनीय चुनाव के सिद्धांतों को बनाए रखने के लिये सशक्त हो गया है। हालाँकि इन सुधारों का लोकतांत्रिक शासन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है, लेकिन मौजूदा चुनौतियाँ एवं चिंताएँ जैसे कार्यकारी हस्तक्षेप, चुनावों में धन की शक्ति तथा तकनीकी कमज़ोरियाँ बनी हुई हैं, जिन्हें भारत के लोकतांत्रिक ढाँचे को और अधिक मज़बूत करने के लिये संबोधित करने की आवश्यकता है।

नोट :

प्रश्न : "न्यायिक अतिरेक लोकतंत्र के विचार के प्रतिकूल हो सकता है"। दिये गए कथन का आलोचनात्मक विश्लेषण कीजिये। (250 शब्द)

उत्तर :

हल करने का दृष्टिकोण:

- न्यायिक अतिरेक की अवधारणा को बताते हुए उत्तर की शुरुआत कीजिये।
- दिए गए कथन के समर्थन में तर्क दीजिये।
- दिए गए कथन के विरोध में तर्क देते हुए उचित निष्कर्ष लिखिये।

परिचय:

न्यायिक अतिरेक एक ऐसा शब्द है जिसका प्रयोग आमतौर पर तब किया जाता है जब ऐसा लगता है कि न्यायपालिका ने अपने अधिकार क्षेत्र का अतिक्रमण कर लिया है। यह तब होता है जब न्यायपालिका सरकार के विधायी या कार्यकारी अंगों की उचित कार्यप्रणाली में हस्तक्षेप करना शुरू कर देती है, यानी न्यायपालिका अपने स्वयं के कार्य से परे कार्यकारी एवं विधायी कार्यों में हस्तक्षेप करती है।

मुख्य भाग:

न्यायिक अतिरेक से लोकतंत्र कमज़ोर होता है, इसके समर्थन में तर्क:

- **विधायी कार्यों में हस्तक्षेप:**
  - भारतीय संसद कानून बनाने वाली प्राथमिक संस्था है। जब न्यायालय लोकतांत्रिक तरीके से पारित कानूनों को रद्द करती हैं तो इससे विधायिका के अधिकार के साथ लोकतंत्र की भावना कमज़ोर होती है।
- **शक्ति का संकेंद्रण:**
  - इससे न्यायाधीशों के हाथों में शक्ति केंद्रित होने से जवाबदेहिता के बारे में चिंताएँ उत्पन्न होती हैं। संसद के निर्वाचित सदस्यों (सांसदों) के विपरीत, न्यायाधीश सीधे जनता के प्रति जवाबदेह नहीं होते हैं।
    - **उदाहरण:** राजमार्गों पर शराब की बिक्री में प्रतिबंध लगाने या धार्मिक प्रथाओं को विनियमित करने जैसे मुद्दों में न्यायपालिका के हस्तक्षेप को न्यायिक अतिरेक के रूप में देखा जा सकता है, क्योंकि ये ऐसे मामले हैं जिन्हें विधि निर्माण एवं सार्वजनिक विमर्श के माध्यम से हल किया जा सकता है।
- **विशेषज्ञता की कमी:**
  - न्यायाधीशों के पास आवश्यक नहीं है कि आर्थिक या सामाजिक मुद्दों पर जटिल नीतिगत निर्णय लेने के लिये आवश्यक विशेषज्ञता हो। इससे अनपेक्षित परिणामों के साथ अतार्किक नियम बन सकते हैं।
    - उदाहरण: मोहित मिनरल्स बनाम यूनियन ऑफ इंडिया (2022) मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने फैसला सुनाया कि GST परिषद के फैसले राज्य सरकारों पर बाध्यकारी नहीं हैं।
      - ❖ इस निर्णय से व्यवसाय बाधित होने एवं कर प्रशासन में जटिलता आने के साथ GST के उचित लाभों को प्राप्त करने में व्यवधान हो सकता है।

न्यायिक अतिरेक से लोकतंत्र कमज़ोर होता है, इसके विपक्ष में तर्क:

- **मूल अधिकारों की रक्षा:** न्यायपालिका, संविधान में निहित मौलिक अधिकारों के संरक्षक के रूप में कार्य करती है। इन अधिकारों का उल्लंघन करने वाले कानूनों को रद्द करने की इसकी शक्ति व्यक्तियों को मनमाने सरकारी कृत्यों से बचाने के लिये महत्त्वपूर्ण है।
  - **उदाहरण:** उन्नीकृष्णन जेपी बनाम आंध्र प्रदेश राज्य (1993) जैसे ऐतिहासिक निर्णयों से अनुच्छेद 21 के दायरे का विस्तार होने के साथ शिक्षा के अधिकार को मूल अधिकार घोषित किया गया।
    - यह निर्णय आगे चलकर शिक्षा के अधिकार अधिनियम, 2009 के पारित होने का आधार बना।
- **सामाजिक न्याय को बढ़ावा मिलना:** न्यायपालिका समानता को बढ़ावा देने तथा वंचित समूहों की रक्षा करने वाले कानूनों की व्याख्या करके सामाजिक न्याय को सुनिश्चित करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।
  - **उदाहरण:** ऐतिहासिक रूप से हाशिये पर स्थित समुदायों के लिये आरक्षण नीतियों को बढ़ावा देने वाले निर्णय सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने में न्यायपालिका की भूमिका को उजागर करते हैं।
- **विधायिका की निष्क्रियता:** कभी-कभी न्यायिक अतिरेक का संबंध महत्त्वपूर्ण मुद्दों पर कार्रवाई करने में विधायिका की विफलता से उत्पन्न होता है। इससे ऐसी स्थिति उत्पन्न हो सकती है, जहाँ न्यायपालिका इस कमी को पूरा करने के संदर्भ में भूमिका निभा सकती है, जिससे उचित हस्तक्षेप की सीमाएँ धुँधली हो जाती हैं।
  - **उदाहरण:** अनूप बरनवाल बनाम भारत संघ (2023) मामले में सर्वोच्च न्यायालय के फैसले से पूर्व, मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा केंद्र सरकार की सिफारिश पर की जाती थी।
    - हालाँकि संविधान के अनुच्छेद 324(2) के अनुसार संसद को इस संबंध में कानून बनाने का अधिकार मिला है।
    - इस फैसले के बाद, संसद ने चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से संबंधित एक कानून पारित किया।

नोट :

निष्कर्ष:

न्यायिक अतिरेक वास्तव में भारतीय लोकतंत्र के लिये खतरा बन सकता है। हालाँकि पूरी तरह से नियंत्रित न्यायपालिका की अधिकारों के रक्षक एवं सत्ता पर नियंत्रण के रूप में भूमिका कमज़ोर होती है। शक्तियों के पृथक्करण का सम्मान करते हुए न्यायिक सक्रियता एवं अतिरेक के बीच संतुलन बनाना एक जीवंत भारतीय लोकतंत्र के लिये आवश्यक है।

प्रश्न : धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत प्रवर्तन निदेशालय की शक्तियों के संबंध में हाल ही में आए सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के प्रमुख पहलुओं तथा उसके निहितार्थों का विश्लेषण कीजिये। (250 शब्द)

उत्तर :

हल करने का दृष्टिकोण:

- ED और उसके PMLA लागू करने के अधिदेश का परिचय लिखिये।
- उच्चतम न्यायालय के हालिया फैसले के प्रमुख पहलुओं का वर्णन कीजिये।
- विभिन्न निर्णयज विधियों का हवाला देते हुए इसके निहितार्थों का उल्लेख कीजिये।
- पाठ्यक्रम से संबंधित शब्दों का उपयोग करते हुए निष्कर्ष लिखिये।

परिचय:

प्रवर्तन निदेशालय (ED) एक बहु-विषयक एजेंसी है, जो मनी लॉन्ड्रिंग और विदेशी मुद्रा उल्लंघन की जाँच के लिये ज़िम्मेदार है।

- यह अपराध से अर्जित संपत्तियों का पता लगाकर, संपत्तियों को अस्थायी रूप से कुर्क करके और अपराधियों पर मुकदमा चलाकर धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 (PMLA) के प्रावधानों को लागू करता है।

मुख्य भाग:

धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत प्रवर्तन निदेशालय की शक्तियों पर उच्चतम न्यायालय के हालिया फैसले के महत्त्वपूर्ण निहितार्थ हैं:

फैसले के प्रमुख पहलू:

- **अभिरक्षा की शक्तियों पर सीमा:** उच्चतम न्यायालय ने फैसला सुनाया कि विशेष न्यायालय द्वारा शिकायत का संज्ञान लेने के बाद ED, PMLA की धारा 19 के तहत किसी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकती है।
  - यह किसी व्यक्ति को गिरफ्तार करने की ED की शक्ति को कम कर देता है और आरोपी को PMLA प्रावधानों के संभावित दुरुपयोग से बचाता है।
  - यह विधि सम्यक प्रक्रिया को बढ़ावा देता है और सुनिश्चित करता है कि गिरफ्तारियाँ न्यायिक जाँच के अधीन हैं।
- **हिरासत में पूछताछ:** यदि ED अग्रिम जाँच के लिये आरोपी की हिरासत चाहती है, तो उसे विशेष न्यायालय में आवेदन करना होगा और हिरासत में पूछताछ की आवश्यकता को उचित ठहराना होगा।
  - न्यायालय केवल तभी हिरासत प्रदान करेगा, जब वह संतुष्ट हो कि इसकी आवश्यकता है, भले ही आरोपी को प्रारंभ में गिरफ्तार नहीं किया गया हो।
  - यह सुरक्षा अनुचित हिरासत में पूछताछ को रोकती है और आरोपी के अधिकारों का सम्मान करती है।
- **ज़मानत संबंधी प्रावधान:** निर्णय यह स्पष्ट करते हैं कि एक आरोपी जो समन के अनुसार न्यायालय के समक्ष पेश होता है, उसे CrPC की धारा 437 के तहत नियमित ज़मानत के लिये आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है।
  - यह आरोपी को PMLA के तहत ज़मानत के लिये कड़ी दोहरी शर्तों से राहत प्रदान करता है और अधिक संतुलित दृष्टिकोण प्रदान करता है।

आशय:

- **व्यक्तिगत स्वतंत्रता और निष्पक्ष प्रक्रिया को कायम रखना:** निकेश ताराचंद शाह मामले (वर्ष 2017) का निर्णय निर्धारित सिद्धांतों को बरकरार रखता है, जहाँ उच्चतम न्यायालय ने माना था कि वैध कानून द्वारा स्थापित निष्पक्ष, न्यायसंगत तथा उचित प्रक्रिया से परे व्यक्तिगत स्वतंत्रता में कटौती नहीं की जा सकती है।
- **न्यायिक निगरानी और सुरक्षा सुनिश्चित करना:** यह विजय मदनलाल चौधरी मामले (2022) के अनुरूप है, जिसमें PMLA के तहत मनमानी अभिरक्षा के खिलाफ न्यायिक निगरानी और सुरक्षा उपायों की आवश्यकता पर ज़ोर दिया गया था।
- **संज्ञान के बाद अभिरक्षा शक्तियों को सीमित करना:** संज्ञान के बाद ED की गिरफ्तारी की शक्तियों को सीमित करके, निर्णय पंकज बंसल मामले (वर्ष 2023) में उजागर किये गए मुद्दे को संबोधित करता है, जहाँ उच्चतम न्यायालय को हस्तक्षेप करना पड़ा और गिरफ्तारी से अंतरिम सुरक्षा प्रदान करनी पड़ी।
- **ज़मानत प्रणाली में विफलताओं को संबोधित करना:** यह फैसला सतेंद्र कुमार अंतिल मामले (वर्ष 2022) में उठाई गई चिंताओं को प्रतिबिंबित करता है, जहाँ उच्चतम न्यायालय ने विचाराधीन कैदियों के मुद्दे को पहचानने और ज़मानत देने में देश की ज़मानत प्रणाली की विफलताओं को स्वीकार किया था।
  - राजस्थान राज्य बनाम बालचंद (वर्ष 1977) मामले में उच्चतम न्यायालय ने यह सिद्धांत स्थापित किया कि ज़मानत नियम है और जेल अपवाद।
- **जाँच शक्तियों और वैयक्तिक अधिकारों को संतुलित करना:** यह निर्णय जाँच शक्तियों और वैयक्तिक अधिकारों के बीच संतुलन बनाता है जैसा कि वर्तमान भारत के मुख्य न्यायाधीश ने उल्लेख करते हुए रेखांकित किया है कि "इस संतुलन का मूल' उचित प्रक्रिया को बनाए रखने की आवश्यकता है।

नोट :

- **शीघ्र जाँच पर संभावित प्रभाव:** यह जटिल मनी लॉन्ड्रिंग मामलों में शीघ्र जाँच करने की ED की क्षमता को प्रभावित कर सकता है।

निष्कर्ष:

उच्चतम न्यायालय का फैसला PMLA के प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करते हुए सम्यक प्रक्रिया, निष्पक्षता और वैयक्तिक स्वतंत्रता के सिद्धांतों को बनाए रखने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है। यह एक संवैधानिक प्रहरी के रूप में न्यायपालिका की भूमिका को मज़बूत करता है और जाँच शक्तियों एवं मौलिक अधिकारों के बीच उचित संतुलन बनाने के लिये महत्त्वपूर्ण मिसाल कायम करता है।

प्रश्न : भारतीय प्रशासनिक प्रणाली में पारदर्शिता तथा जवाबदेहिता सुनिश्चित करने में केंद्रीय सतर्कता आयोग (CVC) की भूमिका पर चर्चा कीजिये। (150 शब्द)

उत्तर :

हल करने का दृष्टिकोण:
- CVC और संथानम समिति का परिचय लिखिये।
- पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देने में CVC की भूमिका का वर्णन कीजिये।
- तद्नुसार निष्कर्ष लिखिये।

परिचय:

- केंद्रीय सतर्कता आयोग (CVC) की स्थापना वर्ष 1964 में भ्रष्टाचार निवारण पर संथानम समिति की सिफारिशों के परिणामस्वरूप की गई थी।
- यह भारत का सर्वोच्च सरकारी निकाय है, जो देश के लोक प्रशासन में ईमानदारी, पारदर्शिता और जवाबदेहिता को बढ़ावा देने के लिये ज़िम्मेदार है।

मुख्य भाग:

केंद्रीय सतर्कता आयोग की भूमिका:

- **जाँच और पूछताछ:** भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 के तहत केंद्र सरकार और उसके अधिकारियों के लोक सेवकों के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों की जाँच का कारण बनता है, जैसा कि विनीत नारायण एवं अन्य बनाम भारत संघ (वर्ष 1998) मामले में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा बरकरार रखा गया था।
  - अखिल भारतीय सेवाओं, समूह 'A' अधिकारी और केंद्र सरकार के अधिकारी के निर्दिष्ट स्तर के अधिकारियों के खिलाफ शिकायतों की जाँच करता है।
- **निरीक्षण और अधीक्षण:** भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 के तहत अपराधों की जाँच के संबंध में दिल्ली विशेष पुलिस प्रतिष्ठान (CBI) के कामकाज का अधीक्षण करता है।
  - भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 के तहत अभियोजन की स्वीकृति के लिये लंबित आवेदनों की प्रगति की निगरानी करता है।
- **सलाहकार और नियामक भूमिका:** केंद्र सरकार और उसके अधिकारियों को संदर्भित मामलों पर सलाह देता है।
  - केंद्रीय सेवाओं और अखिल भारतीय सेवाओं से संबंधित सतर्कता एवं अनुशासनात्मक मामलों को नियंत्रित करने वाले नियम तथा विनियम बनाने में केंद्र सरकार के साथ परामर्श करता है।
- **मुखबिरों की सुरक्षा और शिकायतों का निपटान:** जनहित प्रकटीकरण और मुखबिरों की सुरक्षा संकल्प के तहत प्राप्त शिकायतों पर विचार करता है तथा उचित कार्रवाई की सिफारिश करता है।
- **नियुक्तियाँ एवं चयन समितियाँ:** केंद्रीय सतर्कता आयुक्त प्रवर्तन निदेशक की नियुक्ति और प्रवर्तन उप निदेशक के स्तर से ऊपर की नियुक्तियों के लिये अधिकारियों की सिफारिश करने के लिये ज़िम्मेदार चयन समितियों के अध्यक्ष के रूप में कार्य करता है।

निष्कर्ष:

अपने निर्धारित कार्यों का पालन करते हुए, CVC भारतीय प्रशासनिक प्रणाली के भीतर पारदर्शिता, ईमानदारी और जवाबदेही को बढ़ावा देने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वास्तव में यह एक महत्त्वपूर्ण प्रहरी के रूप में कार्य करता है, जो सुशासन सुनिश्चित करता है तथा जनता के विश्वास में वृद्धि करता है।

प्रश्न : भारत-प्रशांत क्षेत्र में क्वाड (QUAD) समूह के महत्त्व का आकलन कीजिये। भारत के रणनीतिक हितों एवं उभरते भू-राजनीतिक परिदृश्य पर ध्यान केंद्रित करते हुए क्षेत्रीय सुरक्षा हेतु इसके निहितार्थ का विश्लेषण कीजिये। (250 शब्द)

उत्तर :

हल करने का दृष्टिकोण:
- उत्तर की शुरुआत QUAD समूह के परिचय के साथ कीजिये।
- क्षेत्रीय सुरक्षा और भारत के रणनीतिक हितों पर QUAD के महत्त्व का उल्लेख कीजिये।
- उभरते भू-राजनीतिक परिदृश्य के बीच क्वाड में प्रमुख चुनौतियों का वर्णन कीजिये।
- तद्नुसार निष्कर्ष लिखिये।

परिचय:

चतुर्भुज सुरक्षा संवाद या क्वाड समूह, जिसमें भारत, संयुक्त राज्य अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया शामिल हैं, क्षेत्रीय सुरक्षा, भू-राजनीति एवं भारत के रणनीतिक हितों के दूरगामी प्रभाव के साथ, भारत-प्रशांत क्षेत्र में एक महत्त्वपूर्ण रणनीतिक साझेदारी के रूप में उभरा है।

नोट :



मुख्य भाग:

QUAD का महत्त्व:

- **क्षेत्रीय सुरक्षा के संदर्भ में:**
  - **चीन की मुखरता का सामना:** क्वाड देशों को दक्षिण चीन सागर विवाद जैसे मुद्दों पर सामूहिक सौदेबाज़ी की शक्ति प्रदान करता है, जो चीन के प्रभाव को संतुलित करता है।
  - **सहकारी सुरक्षा स्थापत्य:** क्वाड सुरक्षा चुनौतियों के लिये एक सहकारी दृष्टिकोण को बढ़ावा देता है।
    - मालाबार अभ्यास, 2024 जैसे संयुक्त नौसैनिक अभ्यास एकतरफा कार्रवाइयों को रोकते हुए, स्वतंत्र और खुले इंडो-पैसिफिक के लिये एक संयुक्त मोर्चा प्रस्तुत करते हैं।
  - **साझा मूल्य और मानदंड:** क्वाड UNCLOS के पालन, नेविगेशन की स्वतंत्रता और विवादों के शांतिपूर्ण समाधान पर ज़ोर देता है।
    - इस मानक ढाँचे का लक्ष्य इंडो-पैसिफिक में नियम-आधारित व्यवस्था को कायम रखना है।
- **भारत के रणनीतिक हितों के संदर्भ में:**
